युवाओं की यूपी

पढ़ाई कमाई दवाई
हर युवा के हक़ की लड़ाई

YUVA HALLA BOL

9810408888 पर अपना नाम, विधानसभा और जिला whatsapp करें

2022 के लिए 22 सवाल
क्यों है हमारा यूपी बेहाल

1. बेरोज़गारी के कारण बढ़ती निराशा के बावजूद योगी सरकार में लगभग 32 लाख युवाओं को अवसर क्यों नहीं?

2. चुनावी वादे के बावजूद 5 लाख से अधिक रिक्त सरकारी पदों पर भाजपा सरकार ने भर्ती क्यों नहीं किया?

3. बेरोज़गारी से हताश युवाओं में बढ़ती आत्महत्या पर सरकार गंभीर क्यों नहीं?

4. हर विभाग को ठेके कर्मचारियों से चलाकर नौकरियों का संविदाकरण क्यों करना चाहती है सरकार?

5. रोज़गार मांग रहे युवाओं पर आए दिन लाठी डंडों की दर्दनाक तस्वीरें क्यों आती हैं लखनऊ से?

6. मौत के आंकड़े छिपाने वाली योगी सरकार गंगा में बहती लाशों पर खामोश क्यों? क्या मृत्यु के बाद भी सम्मान के हक़दार नहीं हैं हमारे प्रदेश के लोग?

7. स्वास्थ्य सुविधाओं में फिसड्डी उत्तर प्रदेश में 57000 लोगों पर सिर्फ एक पीएचसी और 2.76 लाख पर मात्र एक सीएचसी क्यों?

8.अस्पताल में बेड और मेडिकल स्टाफ की भारी कमी को योगी सरकार क्यों दूर नहीं कर पायी?

9. कोरोना काल में हाथ खड़े क्यों कर दिया योगी सरकार ने; मदद करने के बजाय ऑक्सीजन, अस्पताल, श्मशान ढूंढ़ रहे बेबस लोगों को अफवाह फ़ैलाने के नाम पर धमकी क्यों दे रही थी सरकार?

10. असरदार कूड़ा प्रबंधन करके डेंगू मलेरिया दिमागी बुखार जैसी बीमारियों से हमारे बच्चों को क्यों नहीं बचा सकती योगी सरकार?

11. योगी सरकार में शिक्षा व्यवस्था इतनी बदतर क्यों कर दी गयी कि देश के टॉप 100 कॉलेजों में यूपी का एक भी नहीं?

12. प्रदेश के स्कूलों में दो लाख से अधिक शिक्षकों के पद खाली होने के बावजूद योगी सरकार में एक भी नयी भर्ती क्यों नहीं?

13. नीति आयोग के अनुसार आज भी उत्तर प्रदेश के 100 लोगों में से 38 गरीब; 9 करोड़ गरीबों के साथ हमारा राज्य सबसे फिसड्डी क्यों?

14. देश के15 सबसे प्रदूषित शहरों में 10 उत्तर प्रदेश के; आखिर पर्यावरण संकट पर सरकार गंभीर क्यों नहीं?

15. हाथरस, उन्नाव जैसे मामलों में आरोपी को बचाने और पीड़िता को प्रताड़ित करने वाली सरकार ने महिलाओं का जीना दूभर क्यों किया?

16. NSA/UAPA जैसे कानूनों को दमन का हथियार बनाकर सच बोलने वालों को डराती क्यों है योगी सरकार?

17. भीड़ द्वारा हत्या (मॉब लिंचिंग) और सांप्रदायिक हिंसा में शामिल लोगों को बढ़ावा देकर समाज में नफरत क्यों फैलायी जा रही?

18. उत्तर प्रदेश में न्यायिक और पुलिस हिरासत में सबसे ज़्यादा मौतें क्यों हो रही हैं?

19. आपराधिक छवि के बाहुबलियों को टिकट क्यों देती है पार्टियां; खुद पर दर्ज़ मुकदमे क्यों हटाए सीएम आदित्यनाथ ने?

20. मुनाफ़ा कमा रहे सरकारी उपक्रमों को बेचकर रोजगार क्यों खत्म कर रही है सरकार?

21.आए दिन परीक्षा में धांधली, पेपर लीक, देरी क्यों? आखिर यूपी सरकार 'मॉडल एग्जाम कोड' को लागू कर विज्ञापन से नियुक्ति तक 9 महीने में पूरी क्यों नहीं कर सकती?

22. तमाम घोषणाओं के बावजूद स्वच्छ, निर्मल और अविरल गंगा के नाम पर हमें धोखा क्यों मिल रहा?

'युवा हल्ला बोल' कोई राजनीतिक पार्टी नहीं है और न ही किसी दल से जुड़ा है। हम 'पढ़ाई कमाई दवाई' का नारा देने वाले देश के सबसे बड़े युवा आंदोलन हैं जिसने बेरोज़गारी को राष्ट्रीय बहस बनाया है।

हमारी कोशिश है कि आने वाले समय में रोज़गार के सवाल पर देशभर के युवाओं को एकजुट किया जाए और सरकारों को जवाबदेह ठहराया जाए। युवाओं के बेहतर भविष्य और राष्ट्रनिर्माण के इस आंदोलन का आप भी हिस्सा बन सकते हैं। हमसे जुड़कर युवाओं की आवाज़ को ताकत दें और आंदोलन को आगे बढ़ाएं।

JOIN US : 9810408888